**पत्र सूचना शाखा**

**सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0**

## बीसवाँ भाऊराव देवरस स्मृति सम्मान समारोह सम्पन्न

## भाऊराव देवरस व्यक्तित्व निर्माण करने वाले निर्माता थे - राज्यपाल

लखनऊः 28 फरवरी, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने आज भाऊराव देवरस सेवा न्यास द्वारा आयोजित बीसवें भाऊराव देवरस स्मृति सम्मान समारोह में श्री दीनानाथ बत्रा, अध्यक्ष, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, नई दिल्ली तथा श्री विनायक लोहनी, संस्थापक, परिवार एजुकेशन सोसायटी, कोलकाता को अंगवस्त्र, प्रतीक चिन्ह व सम्मान राशि देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर महापौर लखनऊ, डाॅ0 दिनेश शर्मा ने पद्मश्री भाई जी को अंगवस्त्र एवं अभिनन्दन पत्र देकर समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेतु सम्मानित किया।

राज्यपाल ने भाऊराव देवरस को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वे अद्भुत व्यक्ति थे। उनमें सबको साथ लेकर काम करने का कौशल था। उनका व्यक्तित्व चुम्बकीय व्यक्तित्व था। जिससे एक बार मिलते, उसे जीत लेते। उन्होंने कहा कि भाऊराव देवरस व्यक्तित्व निर्माण करने वाले निर्माता थे, जिनमें दूरदर्शिता भी थी।

श्री नाईक ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री, श्री अटल बिहारी वाजेपयी की प्रेरणा से भाऊराव देवरस न्यास की स्थापना उनके आदर्शों को चरित्रार्थ करने के उद्देश्य से की गयी थी। न्यास ने समाज सेवा के कार्यों से अपना एक विशिष्ट स्थान बनाया है। उन्होंने कहा कि यह प्रसन्नता की बात है कि न्यास द्वारा प्रतिवर्ष समाज सेवा में विशिष्ट कार्य करने वाले महानुभावों को सम्मानित किया जाता है।

महापौर, डाॅ0 दिनेश शर्मा ने पद्मश्री भाईजी को सम्मानित करते हुए कहा कि वास्तव में यह सेवाभाव की दृष्टि का सम्मान है। उन्होंने श्री दीनानाथ बत्रा एवं श्री विनायक लोहनी की सराहना करते हुए उन्हें समाज के प्रति समर्पित बताया।

अध्यक्ष, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, श्री दीनानाथ बत्रा ने कहा कि अहंकार शून्य होकर काम करना चाहिए। दिखावट, बनावट और सजावट से बचें। शिक्षित होने के लाभ बताते हुये उन्होंने कहा कि शिक्षा दृष्टि एवं दृष्टिकोण देकर जीवन को संतुलित बनाती है।

श्री विनायक लोहनी, संस्थापक, परिवार एजुकेशन सोसायटी ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द से वह बहुत प्रभावित हैं। स्वामी विवेकानन्द का प्रधान विषय वस्तु देवत्य था। त्याग और सेवा जीवन का महान मंत्र हैं। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानन्द का संदेश पूरे विश्व के लिए है।

कार्यक्रम में डाॅ0 राहुल सिंह ने न्यास का परिचय दिया तथा श्री पंकज अग्रवाल द्वारा स्वागत भाषण दिया गया।

--------

भाऊराव देवरस सेवा न्यास द्वारा आयोजित

भाऊराव देवरस सेवा न्यास द्वारा आयोजित
'20वाँ'
भाऊराव देवरस स्मृति
सेवा-सम्मान समारोह
मुख्य अतिथि : श्री राम नाइक
माननीय राज्यपाल उत्तर प्रदेश
कार्यक्रम अध्यक्ष : डॉ० दिनेश शर्मा
माननीय महापौर, लखनऊ
दिनांक : 28 फरवरी, 2015 शनिवार 5.00 बजे सां